web : www.nyaysakshi.com
पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 31 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-36

## अदालत ने 16 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद की सजा सुनाई

**हाशिमपुरा नरसंहार मामला**



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने मेरठ के चर्चित हाशिमपुरा नरसंहार मामले में निचली अदालत के फैसले को बदलते हुए 16 पुलिसकर्मियों को बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। निचली अदालत ने इन पुलिसवालों को बरी कर दिया था। साल 1987 में हाशिमपुरा नरसंहार में 42 अल्पसंख्यक मारे गए थे।

जस्टिस एस. मुरलीधर और जस्टिस विनोद गोयल की पीठ ने निचली अदालत के उस आदेश को पलट दिया, जिसमें उसने आरोपियों को बरी कर दिया था। हाई कोर्ट ने प्रादेशिक आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी (पीएसी) के 16 पूर्व जवानों को हत्या, अपहरण, आपराधिक साजिश और सबूतों को नष्ट करने का दोषी करार दिया। अदालत ने नरसंहार को पुलिस द्वारा निहत्थे और निरीह लोगों की 'लक्षित हत्या' करार दिया।

उत्तर प्रदेश राज्य, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और नरसंहार में बचे जुल्फिकार नासिर सहित कुछ निजी पक्षों की अपीलों पर हाई कोर्ट ने 6 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। निचली अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए मेरठ में 42 लोगों की हत्या के आरोपी 16 प्रोविंशियल आर्म्ड कांस्टेबुलरी कर्मियों को बरी कर दिया था। बता दें कि निचली अदालत द्वारा हत्या और अन्य अपराधों के आरोपी 16 पुलिसकर्मियों को बरी करने के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। दोषी करार दिए गए पीएसी के सभी 16 जवान रिटायर्ड हो चुके हैं।

## जैश प्रमुख मसूद अजहर के भतीजे सहित दो आतंकी ढेर



श्रीनगर (आरएनएस)। दक्षिण कश्मीर के त्राल में मंगलवार को हुई भीषण मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर के भतीजे उस्मान हैदर सहित दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों के मुताबिक, मुठभेड़ स्थल से एम-4 कार्बाइन भी बरामद की गई, जिनका सुरक्षाबलों पर होने वाले स्नाइपर हमलों में इस्तेमाल किए जाने की आशंका है। उस्मान के अलावा दूसरे आतंकी की पहचान शौकत अहमद खान के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलवामा जिले में त्राल के चंकेतार गांव में दिनभर चली मुठभेड़ के बाद दो शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मलबे में से एक और शव के बरामद होने की संभावना है। खुफिया जानकारी के साथ ही मुठभेड़ स्थल से बरामद सामग्री से दोनों आतंकवादियों के जैश-ए-मोहम्मद से संबंध होने की बात सामने आई है। उधर, जैश-ए-मोहम्मद के एक बयान और सोशल मीडिया पर कथित रूप से साझा किए गए विडियो में मारे गए एक आतंकवादी की पहचान हैदर के रूप में हुई है। बता दें कि पिछले सप्ताह त्राल इलाके में सेना का एक जवान और सीमा सुरक्षाबल का एक कर्मी स्नाइपर हमले में मारे गए थे।

**आर्मी कैंप पर हमले के बाद चलाया था सर्च ऑपरेशन**

दरअसल, त्राल में बाजवानी स्थित आर्मी कैंप पर शनिवार देर रात आंतकी हमले के बाद सेना के 22 आरआर, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) ने रविवार तड़के घेराबंदी कर सोपोर के जलूरा में बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 6 नक्सली पुलिस के हत्थे चढ़े

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की सुकमा जिला पुलिस ने दबिश देकर 6 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जो संगीन वारदातों में वांछित रहे हैं। बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि चिंतलनार थाने से पुलिस का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। ग्राम मोरपल्ली एवं कोत्तागुड़ा के मध्य जंगल में कुछ संदेही किस्म के लोग पुलिस को देखकर भागने लगे, जिनका पीछा कर छह नक्सलियों कड़ती मुत्ता, मडकम रामा, माड़वी लच्छा तीनों ही डीएकेएमस सदस्य, सोढ़ी हुंगा सीएनएम सदस्य, माड़वी भीमा एवं माड़वी हड़मा दोनों ही जनमिलिशिया सदस्य को दबोच लिया गया।

### कांग्रेस आज देर शाम जारी कर सकती है 18 सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर उत्तर के साथ ही आधा दर्जन सीटों पर कांग्रेस की पेंच फंस गई है। इसी तरह प्रदेश के शेष 18 सीटों पर प्रत्याशी चयन के लिए आज शाम दिल्ली में बैठक होने वाली है।

कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य की 18 सीटों पर अभी तक कांग्रेस के प्रत्याशी तय नहीं हो सकें हैं। इसमें सबसे पहली सीट रायपुर उत्तर विधानसभा सीट है। इस सीट के लिए कांग्रेस अभी तक अपना प्रत्याशी तय नहीं कर पाया है। इसी तरह रायपुर दक्षिण सीट पर भी पेंच फंसा हुआ है। सूत्रों की माने तो वर्तमान महापौर प्रमोद दुबे को इस सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया जा चुका है। लेकिन श्री दुबे ने रायपुर उत्तर सीट पर तैयारी करने और इसी सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। दूसरी ओर कांग्रेस रायपुर उत्तर के समीकरण को हल कर चुकी है, लेकिन इसके लिए उसे अब दो नामों में से एक नाम का चुनाव करना शेष है। इसी तरह बिलासपुर, कोटा, धमतरी और कुरूद विधानसभा सीट के लिए भी आज की बैठक में प्रत्याशी के नामों पर विचार होगा और माना जा रहा है कि आज देर शाम-रात तक कांग्रेस की पांचवी सूची जारी हो जाएगी। इस सूची में रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, बिलासपुर, कोटा, धमतरी और कुरूद के साथ ही प्रदेश के शेष 18 सीटों पर प्रत्याशी के नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

### 12 दिसंबर को आनंद पिरामल की दुल्हन बनेंगी ईशा अंबानी

**उदयपुर में होगा ग्रैंड सेलिब्रेशन**

नईदिल्ली (आरएनएस)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी की शादी 12 दिसंबर को होगी. जानकारी के मुताबिक, ईशा अंबानी और आनंद पिरामल की शादी मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के घर एंटिलिया में 12 दिसंबर को तय हुई है. इसमें दोनों परिवारों के करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल होंगे. शादी से पहले उदयपुर सेलिब्रेशन होगा, जिसमें शाही डिनर रखा जाएगा.

### आरबीआई से अनबन में केंद्र सरकार ने इतिहास में पहली बार किया सेक्शन 7 का इस्तेमाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के साथ जारी मतभेदों के बीच मोदी सरकार ने आरबीआई के खिलाफ ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल कर दिया है। केंद्र सरकार ने आरबीआई ऐक्ट, 1934 के तहत मिले अधिकार का इतिहास में पहली बार इस्तेमाल किया है। इस कानून की धारा 7 के तहत सरकार को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सार्वजनिक हित के मुद्दे पर आरबीआई को सीधे-सीधे निर्देश दे सकती है, जिसे आरबीआई मानने से इनकार नहीं कर सकता। अब आशंका जताई जाने लगी है कि सरकार और आरबीआई के बीच खटास बढ़ सकती है।

## पत्रकारों के हत्यारों को सजा दिलाने में 14वें स्थान पर भारत

**कमिटी टु प्रॉटेक्ट जर्नलिस्ट की रिपोर्ट**



न्यू यॉर्क (आरएनएस)। पत्रकारों के हत्यारों को सजा दिलाने के मामले में भारत काफी पीछे है। अमेरिका की एक गैर-लाभकारी संस्था कमिटी टु प्रॉटेक्ट जर्नलिस्ट की एक वैश्विक सूची में यह जानकारी सामने आई है। इस लिस्ट में उन देशों को शामिल किया गया है जहां पत्रकारों की हत्या की गई और मामलों की जांच अब भी लटकी हुई है। भारत को इस सूची में 14वें स्थान पर रखा गया है। चिंता की बात है कि यह लगातार 11वां साल है जब भारत को इस सूची में रखा गया है।

साल 2018 के इंडेक्स में भारत सहित 14 देशों को शामिल किया गया है। इनमें सोमालिया, सीरिया, इराक, दक्षिणी सूडान, फिलिपींस, अफगानिस्तान, मेक्सिको, कोलंबिया, पाकिस्तान , ब्राजील, रूस, बांग्लादेश और नाइजीरिया भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शीर्ष स्थान पर मौजूद सोमालिया में हालात में सुधार का दावा किया गया है जबकि 14वें स्थान पर मौजूद भारत के बारे में कहा गया है कि वहां हालात बिगड़े हैं और कुल 18 मामलों को अब तक सुलझाया नहीं गया है। वहीं, भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में हालात में सुधार का दावा किया गया है। ताजा रिपोर्ट 1 सितंबर 2008 से 31 अगस्त 2018 के बीच पत्रकारों की हत्याओं के आंकड़े का विश्लेषण कर तैयार की गई है। इस इंडेक्स में सोमालिया पहले स्थान पर है जबकि दो देश- अफगानिस्तान और कोलंबिया फिर से शामिल किए गए हैं।

अफगानिस्तान के काबुल में पत्रकारों के समूह को निशाना बनाते हुए आत्मघाती हमला किया गया था, जबकि कोलंबिया में मादक पदार्थों के तस्करों ने इक्वाडोर के पत्रकार का अपहरण कर हत्या कर दी थी।

## करोड़ों की ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय ठग गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार




धमतरी (आरएनएस)। शहर के निवासी सुभाष चन्द्र जैन के मोबाइल पर बीमा कंपनी के एजेंट बनकर पुराने रकम निकलवाने का झांसा देकर लाखो रुपये के ठगी की घटना को अंजाम देने वाले सदस्यो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धमतरी जिला पुलिस, साइबर क्राइम और क्राइम ब्रांच की टीम ने इस सफलता को अंजाम दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ठगी के इस मामले की रिपोर्ट प्रार्थी द्वारा 28 सितम्बर को सिटी कोतवाली थाना में दर्ज कराई गई , साइबर क्राइम की टीम ने अपने सूत्रों के मामले से आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया, जिसके बाद पता चला कि वे देश की राजधानी दिल्ली से इस ठगी की घटना को अंजाम देते है। पुलिस की टीम दिल्ली रवाना हुई वहाँ वे 20 दिनों तक रहकर अलग अलग स्थानों पर आरोपियों की पतासाजी करने लगे इस दौरान उन्हें दिल्ली के विकासपुरी और आदर्श नगर इलाके से आरोपियों की रहने की भनक मिली और उन्हें गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में आसिष रंजन उम्र 27 वर्ष निवासी औरंगाबाद बिहार, संजय कुमार उम्र 31 वर्ष निवासी शेखपुरा बिहार, ज्योतिष सरकार 31 वर्ष निवासी आसनसोल पश्चिम बंगाल, शक्ति पवार 32 वर्ष निवासी दिल्ली, और राजीव शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी बेगूसराय शामिल हैं। उक्त आरोपीयो से सवा लाख रुपए नगद , मोटरसाइकिल और एक कार बरामद किया गया है।

## काबुल में जेल की गाड़ी पर हमला, 9 लोगों की मौत

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान में बुधवार को पुल चरखी जेल के पास आत्मघाती हमले में 9 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आत्मघाती हमलावर ने जेलकर्मियों को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाया। गाड़ी में अधिकतर महिलाएं मौजूद थीं। यह हमला बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, करीब नौ लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

## नवम्बर में कई स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट की बिक्री होगी बंद

नई दिल्ली (आरएनएस)। दीपावली और छठ पर्व पर भीड़-भाड़ और सुरक्षा के मद्देनजर दिल्ली के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 3 से 13 नवम्बर तक रेलवे प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। उत्तर रेलवे के अनुसार नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली सराय रोहिल्ला और आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशन 3 नवम्बर से 13 नवम्बर को रेलवे प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध रहेगा। हांलाकि इस दौरान बुजुर्ग, दिव्यांग एवं गर्भवती/ जरूरतमंद महिलाओं आदि के साथ उनकी सहायता के लिए स्टेशन छोड़ने आनेवालों पर यह नियम लागू नहीं होगा। दीपावली और छठ त्योहार को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली और आनंद विहार स्टेशन पर 1 नवम्बर से 14 नवम्बर तक कुछ ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में परिवर्तन किया गया है।

## दरभंगा के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती नवजात को चूहों ने कुतरा, मौत



दरभंगा (आरएनएस)। बिहार के दरभंगा में डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां के डीएमसीएच अस्पताल में चूहों के काटने से एक नवजात की मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की है।

आरोप है कि नौ दिन के मासूम को सोमवार को एनआईसीयू में भर्ती कराया गया था। रात के वक्त जब परिजन बच्चे को देखने के लिए एनआईसीयू में गए, तो बच्चे के हाथ-पांव को चूहे खा रहे थे। वहां पर कोई नर्स और डॉक्टर नहीं थे। आनन-फानन में जब नर्स को बाहर से बुलाया गया, तो जानकारी मिली कि बच्चा मर चुका है।


**अस्पताल प्रशासन की दलील**

उधर, डीएमसीएच के अधीक्षक का कहना है कि जब बच्चे को भर्ती कराया गया था, तभी वह चूहों के काटने से घायल था। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच कराई जा रही है।

बता दें कि इससे पहले बिहार के सदर अस्पताल में ऐसी ही एक लापरवाही देखने को मिली थी जब ट्रेन हादसे में घायल युवक यहां इलाज के लिए पहुंचा था। अस्पताल स्टाफ के सामने ही पीड़ित का कटा पैर लेकर कुत्ता भाग गया था। बाद में कुत्ते की काफी तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला। घायल शख्स ने बाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

## पीएम मोदी ने किया स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का लोकार्पण

**भारत बना दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा वाला देश**



केवडिया (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने गृह प्रदेश गुजरात के नर्मदा जिले में केवड़िया स्थित सरदार सरोवर बांध से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर साधु द्वीप पर बनी सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी को राष्ट्र को समर्पित करते हुए इसका लोकार्पण किया जिसके साथ ही यह चीन के स्प्रिंगफील्ड बुद्धा की 153 मीटर ऊंची मूर्ति को आधिकारिक तौर पर पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति बन गयी।

इसकी विशालता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मात्र इसके चेहरे की ऊंचाई ही सात मंजिली इमारत के बराबर है। इसके हाथ ही 70 फुट लंबे हैं जबकि पैर के निचले हिस्से की ऊंचाई 85 फुट है। लगभग तीन हजार करोड रूपये की खर्च से करीब साढ़े तीन साल में बन कर तैयार हुई इस मूर्ति की ऊंचाई न्यूयार्क स्थित स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी से भ्री करीब दो गुनी है। इसे बनाने की घोषणा गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के तौर पर श्री मोदी ने वर्ष 2010 में की थी। इसका काम एल एंड टी कंपनी को अक्टूबर 2014 में सौंपा गया था। काम की शुरूआत अप्रैल 2015 में हुई थी। इसमें 70 हजार टन सीमेंट और लगभग 24000 टन स्टील, तथा 1700 टन तांबा और इतना ही कांसा लगा है। प्रतिमा के आधार पर एक म्यूजियम और इसके अंदर 153 मीटर की ऊंचाई पर जहां इसका का हृदयस्थल है, इस पहाड़ी क्षेत्र, नर्मदा नदी और निकटवर्ती सरदार सरोवर डैम का नजारा देखने के लिए एक दर्शक क्षेत्र भी बनाया गया है। इसमें दो लिफ्ट भी लगाये गये हैं। प्रधानमंत्री ने पास ही नर्मदा नदी के किनारे फूलों के बागीचे वैली ऑफ फ्लावर्स, देश के एक लाख 69 हजार गांवों से लायी गयी

## तेज रफ्तार डंपर घर में घुसा, 4 की मौत

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में एक डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक घर में जा घुसा और इसकी चपेट में आकर चार की मौत हो गई। हादसे में दादा-दादी और दो बच्चे मारे गए, जबकि माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबह सादिकपुर सेमराहा गांव में जोरदार आवाज से पड़ोसियों की नींद खुली। पड़ोसी फौरन शिव प्रताप लोधी के घर की और दौड़े। मंझनपुर-प्रयागराज रोड पर स्थित लोधी के घर को डंपर ने बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। इसकी चपेट में आकर सिर्फ परिवार के सदस्य ही नहीं बल्कि मवेशी भी मारे गए।

ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि बताया कि लोधी, उनकी पत्नी शिवकली और उनके पोते अजय और पोती पर्णी जब नींद में थे, तभी डंपर ने उन्हें रौंद दिया और चारों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने डंपर के चालक को बुरी तरह पीटकर पुलिस के हवाले कर दिया।

## अफगान आर्मी का हेलिकॉप्टर क्रैश, 25 लोगों की मौत



काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के फराह प्रांत में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में कम से कम 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। अफगान सेना के द्वारा इस खबर की पुष्टि कर दी गयी है।

अफगानी सेना के सूत्रों से जारी खबर में बताया गया है कि यह हेलीकॉप्टर नियमित उड़ान पर था। उसी क्रम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि सेना की ओर से यह नहीं बताया गया है कि आखिर इस दुर्घटना का कारण क्या है लेकिन सेना ने आतंकी हमले की आशंका को खारिज कर दिया है। हालांकि स्थानीय सूत्रों का कहना है कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है।